Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय - 4 | राजनीतिक दल

QUIZ
PART-03

1. **किसी दल को राष्ट्रीय दल का दर्जा पाने के लिए क्या शर्त है?**
   A. लोकसभा चुनाव में 10% वोट प्राप्त करना
   B. चार राज्यों में 6% वोट और कम से कम 4 लोकसभा सीटें जीतना
   C. किसी एक राज्य में बहुमत हासिल करना
   D. केवल 2 लोकसभा सीटें जीतना (B)

*व्याख्या :* राष्ट्रीय दल बनने के लिए पार्टी को कम से कम 4 लोकसभा सीटें जीतनी होती हैं और चार राज्यों में कम से कम 6% वोट प्राप्त करने होते हैं।

2. **आम आदमी पार्टी (AAP) की स्थापना कब हुई थी?**
   A. 2010
   B. 2011
   C. 2012
   D. 2013 (C)

*व्याख्या :* आम आदमी पार्टी 26 नवंबर 2012 को भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद बनी थी।

3. **बहुजन समाज पार्टी (BSP) किनके विचारों से प्रेरित है?**
   A. नेहरू और पटेल
   B. रामास्वामी नायकर, महात्मा फुले, बी.आर. अम्बेडकर, साहू महाराज
   C. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी
   D. गांधी और टैगोर (B)

*व्याख्या :* BSP दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व करती है और उपरोक्त नेताओं के विचारों से प्रेरित है।

4. **भारतीय जनता पार्टी (BJP) किससे प्रेरणा लेती है?**
   A. पश्चिमी संस्कृति
   B. साम्यवाद
   C. प्राचीन भारतीय संस्कृति और दीनदयाल उपाध्याय के विचार
   D. गांधीजी के अहिंसा के विचार (C)

*व्याख्या :* BJP प्राचीन भारतीय संस्कृति, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों से प्रेरित है।

5. **2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने कितनी सीटें जीतीं?**
   A. 200
   B. 250
   C. 303
   D. 350 (C)

*व्याख्या :* 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटें जीतीं।

6. **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) – CPI(M) की स्थापना कब हुई थी?**
   A. 1947
   B. 1951
   C. 1964
   D. 1977 (C)

*व्याख्या :* CPI(M) की स्थापना 1964 में हुई थी और यह मार्क्सवाद-लेनिनवाद पर आधारित है।

7. **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**
   A. 1857
   B. 1885
   C. 1905
   D. 1920 (B)

*व्याख्या :* भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 में हुई थी और यह दुनिया की सबसे पुरानी पार्टियों में से एक है।

8. **राष्ट्रीय जनता पार्टी (NPP) किस क्षेत्र से जुड़ी है?**
   A. दक्षिण भारत
   B. उत्तर भारत
   C. उत्तर-पूर्व भारत
   D. पश्चिम भारत (C)

*व्याख्या :* NPP उत्तर-पूर्व भारत की पहली पार्टी है जिसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला।

9. **CPI(M) किन राज्यों में मजबूत रही है?**
   A. गुजरात और महाराष्ट्र
   B. बिहार और झारखंड
   C. पश्चिम बंगाल, केरल और त्रिपुरा
   D. उत्तर प्रदेश और हरियाणा (C)

*व्याख्या :* CPI(M) का सबसे मजबूत आधार पश्चिम बंगाल, केरल और त्रिपुरा में रहा है।

10. **कांग्रेस पार्टी ने 2004 से 2014 तक किस गठबंधन का नेतृत्व किया?**
    A. NDA
    B. NPP
    C. UPA
    D. BSP (C)

*व्याख्या :* भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2004 से 2014 तक संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (UPA) सरकार का नेतृत्व किया।